# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र : 2017–18

**अद्‌र्ध वार्षिक परीक्षा, अभ्यास पत्र**

कक्षा : सातवीं　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषय : हिंदी

**प्र1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

क) लिपि किसे कहते हैं?

ख) मानक भाषा किसे कहते हैं?

ग) स्वर के कितने भेद हैं उनके नाम लिखिए।

घ) वर्णमाला की परिभाषा लिखिए।

ङ) पदक्रम से आप क्या समझते हैं?

**प्र2) प्रस्तुत प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :–**

क) कर्ता और क्रिया के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

ख) हिंदी भाषा में कितने प्रकार के उपसर्ग होते हैं?

ग) उत्पत्ति के आधार पर शब्द कितनी प्रकार के हैं, नाम लिखिए।

घ) संधि का सामान्य अर्थ क्या है?

ङ) वर्ण के कितने भेद हैं नाम लिखिए।

**प्र3) निम्नलिखित प्रश्नों के अंतर स्पष्ट कीजिए :–**

क) संयुक्त व्यंजन और द्‌वित्व व्यंजन।

ख) राजभाषा और राष्ट्रभाषा।

ग) यौगिक और योगरुढ़ शब्द।

घ) करण कारक और अपादान कारक।

ङ) भाषा और बोली।

**प्र4) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | (i) सम्बन्ध | (ii) | नयी | | (मानक रूप लिखिए) |
| ख) | (i) उर्दू | (ii) | कोंकणी | | (लिपि का नाम लिखिए) |
| ग) | (i) दोहा | (ii) | उपन्यास | | (साहित्य के प्रकार बताएं) |
| घ) | (i) फ | (ii) | छ | | (व्यंजन किस वर्ग के हैं नाम लिखें) |
| ङ) | (i) किरकिया | (ii) | गड्‌ढे | | (वर्ण–विच्छेद करें) |
| च) | (i) न् + इ + र् + उ + प् + अ + य् + ओ + ग् + ई | | | | (वर्ण–मेल करें) |
| | (ii) प् + र् + अ + क् + आ + श् + अ + क् + अ | | | | |
| छ) | (i) सु + औदार्य | (ii) | उपरि + उक्त | | (संधि करें) |
| ज) | (i) सतीश | (ii) | नाविक | | (संधि–विच्छेद करें) |
| झ) | (i) किनारा | (ii) | असुर | | (पर्यायवाची शब्द) |
| ञ) | (i) तरल | (ii) | आरोह | | (विलोम लिखें) |
| ट) | (i) पवन–पावन | (ii) | अतल–अतुल | | (अर्थ लिखें) |
| ठ) | (i) अरुण | (ii) | अब्ज | | (दो अनेकार्थक शब्द लिखिए) |
| ड) | (i) अवस्था | (ii) | आयु | | (अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाएं) |
| ढ) | (i) जिसमें धैर्य न हो | | | | (वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए) |
| | (ii) आशा करने वाला | | | | |
| ण) | (i) दुर्बल | (ii) | ओष्ठ | | (तद्‌भव रूप लिखिए) |

**प्र5) मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें :–**

क) कान खड़े होना  ख) एक आँख न भाना

ग) हौंसले बुलंद होना  घ) रोड़े अटकाना

**प्र6) कारक रेखांकित करके भेद लिखिए :–**

क) कोयले की खान से हीरे निकलते हैं।

ख) अरे बेटा! मेरी बात सुनो।

**प्र7) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :–**

क) जब अध्यापिका गई तब मैं आ गई। (सरल वाक्य)

ख) सुबह होने पर गाड़ियों का शोर सुनाई देने लगा। (संयुक्त वाक्य)

**प्र8) निम्न शब्दों से उपसर्ग, प्रत्यय तथा मूल शब्द छाँटिए :–**

अकाल्पनिक, अपूर्णता, दुर्भाग्यपूर्ण, परिपूर्णता

**प्र9) निम्नलिखित पत्र लिखिए :–**

क) बिजली की नियमित आपूर्ति न मिलने पर अपने नगर के बिजली विभाग को पत्र लिखिए।

ख) प्रधानाचार्या जी को बस चालक दवारा बस तेज़ चलाने व ठीक समय पर विद्यालय न पहुँचाने की शिकायतें करते हुए पत्र लिखिए।

ग) अपने क्षेत्र के डाकपाल महोदय को डाक–वितरण में हुई देरी के संबंध में डाकिए की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए।

**प्र10) अनुच्छेद लिखिए :–**

क) पेड़–पौधे और पर्यावरण

◆ प्रकृति का महत्त्व ◆ भारत में वृक्षों की पूजा ◆ वृक्षों के लाभ

ख) 'गया समय फिर हाथ नहीं आता'

◆ समय की पहचान ◆ समय का दुरुपयोग करने पर पश्चाताप ◆ उचित समय की तलाश

प्र11) क) 'पिस्ता कुल्फी' के लिए एक आकर्षक एवं रंगीन विज्ञापन बनाएं।

ख) 'चॉकलेट बिस्कुट' की विशेषताएँ बताते हुए आकर्षक तथा रंगीन विज्ञापन बनाएं।

**प्र12) अभिलाषा हिंदी पाठमाला – 7 के पृष्ठ संख्या – 80, 97 तथा 106 पर दिए गए चित्रों का वर्णन 50–60 शब्दों में करें।**

**प्र13) प्रस्तुत पद्यांश को पढ़कर पूछेगए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

हम पंछी उन्मुक्त गगन में
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे।
कनक–तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जायेंगे।
हम बहता जल पीने वाले,
मर जाएँगे भूखे प्यासे
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक–कटोरी की मैदा से।

क) किस में बंद रहकर पक्षी गा नहीं पाएंगे?

ख) पक्षी को कैसा जल पीना भाता है?

ग) 'कहीं भली है कटुक निबौरी' पंक्ति का आश्य स्पष्ट करें।

घ) पक्षी के पंख कैसे टूट जाएंगे?

ङ) उपर्युक्त पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।